## फटाफट खबरें

### जोरमथंगा ने 33 साल बाद दिया इस्तीफा

■पीटीआई, आइजोल : मिजोरम के निवर्तमान मुख्यमंत्री जोरमथंगा ने विधानसभा चुनाव में मिजो नैशनल फ्रंट (MNF) की करारी हार के चलते मंगलवार को 33 साल के लंबे कार्यकाल के बाद पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। MNF के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तावलुइया को भेजे गए अपने इस्तीफे में जोरमथंगा ने कहा कि वह पार्टी के अध्यक्ष के रूप में चुनावी हार के लिए नैतिक जिम्मेदारी लेते हैं। MNF के एक नेता ने कहा कि जोरमथंगा का इस्तीफा स्वीकार करना है या नहीं, यह तय करने के लिए पार्टी बुधवार को एक मीटिंग करेगी।

### करणपुर सीट पर होगी 5 को वोटिंग

■ पीटीआई, नई दिल्ली/जयपुर : राजस्थान की करणपुर विधानसभा सीट पर मतदान पांच जनवरी 2024 को होगा। चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी। करणपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के निधन के कारण इस सीट के लिए मतदान स्थगित कर दिया गया था। आयोग ने बताया कि करणपुर सीट पर मतदान पांच जनवरी को होगी। नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 12 दिसंबर से शुरू होगी और इसकी आखिरी तारीख 19 दिसंबर है।

### 'प्रणब ने कहा था,सोनिया मुझे PM नहीं बनाएंगी'

■ पीटीआई, नई दिल्ली : पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 2004 में केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनने के समय अपनी पुत्री शर्मिष्ठा मुखर्जी से कहा था कि सोनिया गांधी मुझे प्रधानमंत्री नहीं बनाएंगी। शर्मिष्ठा ने अपनी आने वाली किताब 'इन प्रणब, माई फादर: ए डॉटर रिमेंबर्स' में सोनिया गांधी के प्रधानमंत्री पद की दौड़ से हटने के फैसले के बाद अपने पिता के साथ फोन पर बातचीत का जिक्र किया है। किताब में वह लिखती हैं कि जब उन्होंने अपने पिता से प्रधानमंत्री पद के संदर्भ में सवाल किया तो उनका जवाब था कि नहीं, वह (सोनिया गांधी) मुझे प्रधानमंत्री नहीं बनाएंगी।

# कांग्रेस ने जीत के नायक रेवंत रेड्डी को दी तेलंगाना की कमान

## पार्टी ने बनाई आम सहमति, कल होगा शपथ ग्रहण समारोह


File Photo

Narendra.Mishra@timesgroup.com

■नई दिल्ली : तेलंगाना के अगले मुख्यमंत्री कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी होंगे। पार्टी नेतृत्व ने उनके नाम पर आम सहमति बना ली। वह गुरुवार को शपथ लेंगे। उनके साथ दो डिप्टी सीएम भी शपथ ले सकते हैं। हालांकि, पार्टी का एक खेमा दलित सीएम बनाने की वकालत कर रहा था। मगर, नेतृत्व ने माना कि रेवंत को उनकी मेहनत का इनाम मिलना चाहिए। रेवंत के अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और मौजूदा सांसद एन. उत्तम कुमार रेड्डी और मौजूदा कांग्रेस विधायक दल के नेता माल्लू भट्टी का नाम भी मुख्यमंत्री के लिए संभावित नेताओं की लिस्ट में था। अंत में रेवंत के नाम पर सभी सहमत हो गए। सूत्रों के अनुसार, रेवंत के नाम की सहमति के बाद अगले एक दिन में एक दर्जन मंत्रियों का नाम भी फाइनल हो जाएगा। तेलंगाना में कांग्रेस के उभरने का पूरा श्रेय रेवंत रेड्डी को मिलता रहा है। 54 वर्षीय रेवंत का पूरा नाम अनुमुला रेवंत रेड्डी है। उस्मानिया यूनिवर्सिटी से आर्ट्स ग्रैजुएट रेवंत ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत ABVP से की थी। CM के नाम की घोषणा होने के बाद रेवंत ने सभी कांग्रेस नेताओं का शुक्रिया अदा किया।

### पार्टी ने पूरा दिया श्रेय

रेड्डी ने 2006 में बतौर निर्दलीय जिला परिषद का चुनाव लड़ा और जीता। वह 2007 में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर आंध्र प्रदेश विधान परिषद के सदस्य चुने गए। 2009 में उन्होंने TDP के टिकट पर कोडंगल विधानसभा सीट से आंध्र प्रदेश असेंबली का चुनाव लड़ा और कांग्रेस के पांच बार के विधायक गुरुनाथ रेड्डी को हराया। बाद में TDP से उनकी दूरियां बढ़ने लगीं और उनके कांग्रेस से बढ़ती नजदीकियों को देखते हुए 2017 में TDP ने उन्हें अपने सदन के नेता पद से हटा दिया। कुछ दिनों बाद ही रेवंत कांग्रेस में शामिल हो गए। 2018 में रेवंत ने फिर से कोडंगल से चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। 2019 के लोकसभा चुनावों में जीतने के बाद पहली बार संसद पहुंचे। जून 2021 में कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें सीनियर नेता एन. उत्तम रेड्डी की जगह प्रदेश की कमान सौंप दी।

**NBT Lens** समझिए खबरों के अंदर की बात

### तेलंगाना से क्या है कांग्रेस का संदेश?

तेलंगाना में जीत के बाद कांग्रेस कोई गलती नहीं दोहराना चाहती। वह अपने सबसे कद्दावर नेता रेवंत रेड्डी को सीएम की कुर्सी देकर यही संदेश देने की कोशिश कर रही है। वह कुछ ऐसा नहीं करना चाहती, जिससे MP में सरकार गिरी और राजस्थान, छत्तीसगढ़ में 2018 में सत्ता में आने के बाद पांच सालों तक गुटबाजी झेलती रही। पार्टी के एक सीनियर नेता ने कहा कि अब एकमात्र पैमाना जमीन पर मेहनत करने वाले नई पीढ़ी के नेता होंगे। इस बार सचिन पायलट को राजस्थान में विपक्ष का नेता बनाया जा सकता है। MP में कमलनाथ को हटाकर वहां नए नेतृत्व को पार्टी की कमान देना चाहती है। राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत को लोकसभा चुनाव लड़ाया जा सकता है।

# राजस्थान में वसुंधरा ने किया 'शक्ति प्रदर्शन', मध्य प्रदेश में भी कशमकश

Poonam.Pandey@timesgroup.com



राज्यों का रण

■नई दिल्ली : राजस्थान में मुख्यमंत्री कौन होगा इस पर चर्चा के बीच राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अपने समर्थकों के जरिए परोक्ष रूप से अपना दावा ठोक दिया है। सोमवार से लेकर मंगलवार शाम तक BJP के 50 से ज्यादा नवनिर्वाचित विधायक वसुंधरा के घर पर जाकर उनसे मुलाकात कर चुके हैं। कुछ विधायक पार्टी ऑफिस भी जा रहे हैं, लेकिन वसंधुरा के समर्थकों ने उनकी सीएम की कुर्सी पर दावेदारी शुरू कर दी है। दूसरी तरफ मध्य प्रदेश में भी CM की रेस में PM मोदी को जीत का श्रेय देने की होड़ लगी है।

MP में बीजेपी की प्रचंड जीत के लिए शिवराज सिंह सरकार की लाड़ली बहना योजना को भी अहम फैक्टर माना जा रहा है। मगर, मध्य प्रदेश सीएम की कुर्सी के दावेदार और उनके समर्थक जीत का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दे रहे हैं। लाड़ली बहना योजना की वजह से जीत की बात पर BJP नेता और नवनिर्वाचित विधायक कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि लाड़ली बहना छत्तीसगढ़ में थी क्या, राजस्थान में थी क्या, तीनों जगह मोदी जी का नेतृत्व था। उन्होंने कहा कि जीत का पूरा श्रेय मोदी जी को जाता है जिनके नेतृत्व में लोगों को विश्वास है। उन्होंने कहा कि जीत का श्रेय मोदी जी के नेतृत्व, अमित शाह जी की रणनीति, नड्डा जी की संगठन क्षमता को देना चाहूंगा। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गरीब कल्याण के लिए मोदी सरकार की योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण का मॉडल जो मोदी सरकार ने दिया वह आदर्श मॉडल है। राजस्थान में वसुंधरा राजे समर्थकों का दावा है कि अब तक 50 से ज्यादा नवनिर्वाचित विधायक राजे से मुलाकात कर चुके हैं। मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर मंथन चल रहा है और ऐसे समय में विधायकों की राजे से मुलाकात को शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। कुछ विधायकों ने जहां इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया वहीं कुछ विधायकों ने साफ कहा कि वे मुख्यमंत्री पद के लिए वसुंधरा राजे का समर्थन करते हैं। BJP के राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के संबंध में पार्टी के संसदीय बोर्ड का फैसला सभी को मान्य होगा।

**NBT Lens** समझिए खबरों के अंदर की बात

### क्या है MLA बने BJP सांसदों की चुप्पी का मतलब?

विधानसभा का चुनाव जीतकर संसद पहुंचे बीजेपी सांसदों ने मीडिया से बात करने में गुरेज नहीं किया, लेकिन अब सबने चुप्पी साध ली है। सूत्रों का कहना है कि उन्हें पार्टी नेतृत्व से बयानबाजी न करने के निर्देश दिए गए हैं। पार्टी के नेता मुख्यमंत्री कौन होगा, इस सवाल से लगातार बच रहे हैं। हालांकि पार्टी के एक सीनियर नेता ने कहा कि सभी नामों पर विचार किया जा रहा है। एक सीनियर नेता ने चुटकी लेते हुए कहा कि जो नाम आप लोग चला रहे हैं, चलाते रहिए। क्या जिनके नाम चल रहे हैं उनका पत्ता कट जाएगा, इस सवाल पर हंसते हुए जवाब आया कि यह भी मुमकिन है। पार्टी नेता के मुताबिक जब सभी नामों पर चर्चा हो जाएगी, उसके बाद पर्यवेक्षक भेजे जाएंगे।

# संसद में बोले शाह, एक देश में दो PM, दो झंडे और दो संविधान कैसे

## लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से जुड़े दो बिलों पर ज़ोरदार बहस

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि देश में एक ध्वज, एक प्रधानमंत्री, एक संविधान की अवधारणा कोई राजनीतिक नारा नहीं है। BJP इस सिद्धांत में दृढ़ता से विश्वास करती है और जम्मू-कश्मीर में आखिरकार यह कर दिखाया है।

जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक पर चर्चा के दौरान तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत राय ने कहा कि देश में 'एक निशान, एक प्रधान, एक संविधान' एक राजनीतिक नारा था। इस पर शाह ने आश्चर्य जताया कि एक देश में दो प्रधानमंत्री, दो संविधान और दो ध्वज कैसे हो सकते हैं। उन्होंने राय की टिप्पणियों को आपत्तिजनक करार दिया। शाह ने कहा कि हम 1950 से कहते आ रहे हैं कि एक देश में एक प्रधानमंत्री, एक (राष्ट्रीय) ध्वज और एक संविधान होना चाहिए और हमने ऐसा किया है।

> अनुराग ठाकुर ने कहा,आज कश्मीर की हर गली में तिरंगा लहरा रहा है

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि जब TMC नेता ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जिक्र किया, तो उन्हें उनके बलिदान को भी याद करना चाहिए था। इस पर राय ने कहा कि उन्होंने मुखर्जी के नाम पर बने कॉलेज में पढ़ाया था और एक निशान, एक प्रधान, एक संविधान उनका नारा था और यह एक राजनीतिक नारा था। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी इस टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एक समय था जब श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने जा रहे नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया था, आज कश्मीर की हर गली में तिरंगा लहरा रहा है।

सौगत राय ने कहा कि पहले केंद्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा दिया जाता था, लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है कि राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में तब्दील किया गया। उन्होंने कहा कि शाह को बताना चाहिए कि इस कदम से क्या लाभ हुआ है। उन्होंने पूछा, '(अनुच्छेद 370 समाप्त करने से) आतंकवाद नियंत्रित नहीं हुआ है। क्या बदलाव हुआ है? निवेश आया क्या? क्या बेरोजगारी समाप्त हुई है? केवल पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। राय ने जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें कश्मीर घाटी को केवल भगवा रंग में बदलने के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कश्मीरी विस्थापितों की वापसी संभव नहीं हुई।

कांग्रेस के अमर सिंह ने चर्चा की शुरुआत करते हुए ओबीसी को अन्य राज्यों के समान जम्मू कश्मीर में भी 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की मांग की। सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त हुए चार साल से अधिक हो गए लेकिन वहां अभी तक चुनाव नहीं कराया जा सका है। उन्होंने चुनाव जल्द कराने की मांग की।


गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह जम्मू-कश्मीर में कर दिखाया है।

### कांग्रेस ने सवाल उठाए

■ कांग्रेस के मनीष तिवारी ने कहा कि एक कानून जिसकी वैधानिकता को चुनौती दी गई है, जब तक सुप्रीम कोर्ट से उस पर फैसला नहीं आ जाता तब तक संशोधन का कोई विधेयक नहीं लाया जाना चाहिए था। तिवारी ने वर्ष 2018 में जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल शासन का जिक्र किया और वैधानिकता पर सवाल खड़े किए। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि राष्ट्रपति शासन लगाने की शुरुआत कांग्रेस ने की थी। उन्होंने कहा, 'ये (तिवारी) विद्वान वकील हैं, मुझे नहीं पता कि ऐसी बात क्यों कर रहे हैं? इस तरह की बात वकील को नहीं करनी चाहिए।'

### गहलोत के OSD का दावा, सचिन पर रखी गई नज़र

■पीटीआई, नई दिल्ली : राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा ने दावा किया है कि राज्य की सरकार ने सचिन पायलट का फोन टैप कराया और उन पर नजर रखी। लोकेश ने कहा कि जब सचिन पायलट 18 विधायकों के साथ मानेसर गए थे, तब भी ऐसा किया गया था। उन्होंने बताया कि राज्य में कांग्रेस सरकार को बचाने के लिए अशोक गहलोत के निर्देश पर ऐसा किया गया। लोकेश ने कहा कि येसा इसलिए किया गया ताकि पायलट के किसी भी फैसले से पहले ही कदम उठाए जा सकें। उन्होंने दावा किया कि पायलट की मॉनिटरिंग के कारण ही कांग्रेस अपनी सरकार बचाने में सफल रही। लोकेश शर्मा ने कहा, निगरानी के चलते कुछ लोगों को वापस लाया जा सका। आरोपों पर गहलोत, पायलट या उनके सहयोगियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# विपक्ष ने EVM पर उठाया सवाल, BJP ने उड़ाया मज़ाक

■पीटीआई, भोपाल/नई दिल्ली

**कांग्रेस के** राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह समेत विपक्ष के कई नेताओं ने पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी की हार के बाद मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) पर सवाल उठाए। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि चिप वाली किसी भी मशीन को हैक किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने 2003 से EVM से वोटिंग का विरोध किया है। BJP ने कांग्रेस के बयान का मजाक उड़ाया।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ ने भी कहा कि एग्जिट पोल करने वालों को पहले से परिणाम पता था। यह एग्जिट पोल माहौल बनाने के लिए था। 'एक्स' पर एक पोस्ट में दिग्विजय सिंह ने कहा, 'क्या हम अपने भारतीय लोकतंत्र को प्रफेशनल हैकरों को नियंत्रित करने की अनुमति दे सकते हैं! यह मौलिक प्रश्न है जिसका समाधान सभी राजनीतिक दलों को करना होगा। चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट क्या आप हमारे भारतीय लोकतंत्र की रक्षा करेंगे?' तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता सौगत रॉय ने कहा कि कुछ चिंताएं हैं, जिनका समाधान किया जाना चाहिए। BSP सांसद दानिश अली ने कहा कि वह हमेशा से EVM के खिलाफ रहे हैं।

**गिरिराज बोले, आरोपों में नया कुछ नहीं :** BJP ने कहा कि अपनी कमियों को छिपाने के लिए विपक्ष बहाने तलाश रहा है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि जब भी वे चुनाव जीतने में असफल होते हैं, तो वे EVM को दोष देते हैं। उन्होंने कहा, 'नया कुछ भी नहीं है। विपक्ष चाहे कोई भी हो, जब जीतता है तो उसे ईवीएम से कोई परेशानी नहीं होती, लेकिन जब हारता है, तो इसका ठीकरा EVM पर फोड़ता है।'

# विपक्ष ने उठाया बेरोज़गारी-महंगाई का मुद्दा, BJP बोली- हम अर्थव्यवस्था के लीडर

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली



**राज्यसभा में** मंगलवार को आर्थिक स्थिति पर अल्पकालिक चर्चा शुरू हुई। विपक्ष ने महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश की। सत्ता पक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न नीतियों के कारण हुए विकास के चलते अब विश्व की प्रमुख एजेंसियां भी कहने लगी हैं कि भारत विश्व अर्थव्यवस्था का लीडर बनकर उभर रहा है। चर्चा में भाग लेते हुए तृणमूल कांग्रेस सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि यह निर्भर करता है कि आप अर्थव्यवस्था को किस निगाह से देखते हैं? यदि शेयर बाजार, अरबपतियों के लिहाज से देखें तो अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी है। BJP के सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भारत विश्व अर्थव्यवस्था का 'लीडर' बनकर उभर रहा है और पीएम नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण विकास की गति तेज हुई है। अब विश्व की प्रमुख एजेंसियां भी तेजी से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था का उदाहरण दे रही हैं। कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने सवाल उठाते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेजी से विकास कर रही है तो उसका असर जमीन पर क्यों नहीं दिखाई पड़ रहा। कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि UPA सरकार के कार्यकाल में पेट्रोल-डीजल इतना महंगा नहीं था जितना आज है। डॉलर के मुकाबले जब रुपये की कीमत 60 रुपये हुई थी तब हंगामा हो गया था, आज 80 रुपये पर पहुंच गई है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**मंकी एंटी क्लाइंबिंग डिवाइस के प्रावधान के लिए ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्रमांक:** TRD_NGP_टेंडर_23-24_1 दिनांक: 01.12.2023
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल में मंकी एंटी क्लाइंबिंग डिवाइस का प्रावधान।
**IRPSM ID:** 13.02.36.22.3.51.006
**निविदा मूल्य:** ₹ 1,38,46,246/-,
**इलेक्ट्रॉनिक ऑफर जमा करने की अंतिम तिथि (ऑन-लाइन):** दिनांक **26.12.2023** के **15:00** बजे तक।
उपरोक्त निविदा की अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।
**मंडल विद्युत अभियंता - टीआरडी, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
FL/22-183
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

निविदा सूचना क.: डबल्यूसीआर/सीआरडबल्यूएस/ बीपीएल/ ईएल/ टी/ 2023/ 5R, **दिनांक:** 28.11.2023. भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु न्यूनतम पात्रता मानदंड पूरी करने वाले एवं विद्युत लाइसेन्स धारी प्रतिष्ठित, अनुभवी ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** सी.आर.डबल्यू.एस./भोपाल में पेंट शॉप, फर्निशिंग शॉप, कार्पेंटरी शॉप, ईटीएल शॉप, बोगी शॉप, प्रशासनिक भवन, कैंटीन एवं अन्य सर्विस बिल्डिंग की रिवाइरिंग करना। **कार्य की लागत:** ₹ 88,93,357.68/- **निविदा फॉर्म का मूल्य:** ₹ 0.00/- **धरोहर राशि:** ₹ 1,77,900/- **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** छः माह **निविदा जमा करने की तिथि:** 27.12.2023, 15.00 बजे तक **निविदा खुलने की तिथि:** 27.12.2023, 15.00 बजे के उपरांत। निविदा फार्म व निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक, विद्युत शाखा के सूचना पटल पर उपलब्ध है।
**मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, प.म.रे., निशातपुरा, भोपाल**
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद मण्डल**

**विभिन्न विद्युत कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं.** सिनी.डीईई/एडीआई/42 (23-24) दिनांक: 01/12/2023, **क्रम सं.1: निविदा सं.** ईएल-50-1-एडीआई-टी-86-2023-24R, **कार्य का नाम:** ABSS के संबंध में असारवा, विरमगाम, भचाउ, चांदलोडीया, हिंमतनगर, उंझा और वटवा अंतर्गत संचारी क्षेत्र को प्लेटफॉर्म से जोडते 12 मीटर चौडे FOB का प्रावधान करने के संबंध में बिजली कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹ 1,82,34,041/- **धरोहर राशी:** ₹ 2,41,200/- **क्रम सं.2: निविदा सं.** ईएल-50-1-एडीआई-टी-88-2023-24, **कार्य का नाम:** मण्डल रेल अस्पताल - साबरमती अंतर्गत 12 माह के लिये केन्द्रीयकृत AC प्लान्ट के लिये ऑपरेटर का उपलब्ध कराने का कार्य । **अनुमानित लागत:** ₹ 3,48,929.35/-, **धरोहर राशी:** ₹ 7,000/-, **सभी निविदा हेतु: निविदा जमा करने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक: 29/12/2023 को 15:00 बजे उसके बाद नहीं एवं दिनांक: 29/12/2023 को 15:30 बजे निविदा खोली जायेगी। **कार्यालय का पता एवं वेबसाईट विवरण:** वरिष्ठ मण्डल बिजली इंजीनियर, म.रे.प्र. कार्यालय (प.रे.), चामुंडा ब्रिज के पास, जी.सी.एस. अस्पताल के सामने, नरोडा रोड़, अमदुपुरा, अहमदाबाद-382345 । **वेबसाईट: www.ireps.gov.in** ADI-207
हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**IndianOil** CIN - L23201MH1959GOI011388

**विपणन प्रभाग - दिल्ली राज्य कार्यालय**

**कार्पोरेशन के स्वामित्व और कार्पोरेशन संचालित खुदरा बिक्री केंद्र (कोको) के लिए सेवा प्रदाता की नियुक्ति के लिए सूचना**

इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के दिल्ली राज्य में मस्जिद मोठ एवं द्वारका में अपने कारपोरेशन के स्वामित्व और कारपोरेशन द्वारा संचालित रिटेल आउटलेट में जनशक्ति और विभिन्न सेवाएं प्रदान करने के लिए सेवा प्रदाताओं को नियुक्त करने का प्रस्ताव है।

विस्तृत विज्ञापन, दिशानिर्देश / ब्रोशर और आवेदन पत्र हमारी वेबसाइट **www.iocl.com** में उपलब्ध हैं और इसे डाउनलोड भी किया जा सकता है।

भरे हुए आवेदन पत्र विस्तृत विज्ञापन में दर्शाए गए कार्यालय में **05.01.2024, 1700 बजे** तक पहुंच जाने चाहिएं।

फॉर्म वीन 6
[नियम 7 देखें]
राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण
नई दिल्ली बेंच के समक्ष
वन्स अपॉन ए ट्रंक प्राइवेट लिमिटेड के मामले में
(कंपनी अधिनियम 1956 के तहत निगमित कंपनी)
कंपनी याचिका संख्या 186 2023
**याचिका का विज्ञापन**
इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नामित कंपनी यानी वन्स अपॉन ए ट्रंक प्राइवेट लिमिटेड को बंद करने के लिए एक याचिका 27 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली में माननीय एनसीएलटी के समक्ष सूचीबद्ध की गई थी। माननीय एनसीएलटी ने तय किया उक्त याचिका 21 दिसंबर, 2023 को सुनवाई के लिए है। कोई भी योगदानकर्ता या अन्य व्यक्ति जो उक्त याचिका पर आदेश देने का समर्थन या विरोध करना चाहता है, उसे याचिकाकर्ता या उसके प्रतिनिधि को उसके या उसके प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित अपने इरादे की सूचना भेजनी चाहिए। नाम और पता ताकि याचिकाकर्ता या उसके प्रतिनिधि याचिका की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि से पांच दिन पहले पहुंच सकें और व्यक्तिगत रूप से या अपने प्रतिनिधि द्वारा सुनवाई में उपस्थित हो सकें। याचिका की एक प्रति अधोहस्ताक्षरी द्वारा किसी भी लेनदार या अंशदायी को निर्धारित शुल्क के भुगतान पर प्रस्तुत की जाएगी। याचिका के विरोध में उपयोग किए जाने वाले किसी भी हलफनामे को ट्रिब्यूनल में दायर किया जाना चाहिए और एक प्रति याचिकाकर्ता या उसके प्रतिनिधि को सुनवाई के लिए निर्धारित तारीख से कम से कम पांच दिन पहले दी जानी चाहिए।
याचिकाकर्ता के लिए प्रतिनिधि
राकेश कुमार, प्रीति कश्यप, अंकित शर्मा
फ्रीडम्स लॉ, एडवोकेट एण्ड सॉलिसिटर
सी-119, एफ.एफ, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110024
ईमेल : info@credencelaw-com
टेलीफोन : 41055222


# BJP सांसद बोले, आत्महत्या की जांच के लिए बने आयोग

Bhupender.Sharma@timesgroup.com

■नई दिल्ली : राजस्थान के कोटा कोचिंग संस्थानों समेत देश के नामी संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों की पड़ताल करने के लिए आयोग बनाने की मांग की गई है। राज्यसभा में BJP सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि पिछले एक साल में ही कोटा में आत्महत्या किए जाने के 26 मामले सामने आ चुके हैं। इसके अलावा, IIT जैसे बड़े इंजीनियरिंग संस्थानों में भी छात्र आत्महत्या कर रहे हैं। चाहे केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार, सभी के लिए यह चिंता की बात है।

BJP सांसद ने कहा कि छात्रों की आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए एक आयोग बनाया जाना चाहिए ताकि यह सामने आ सके कि आखिर कौन से कारण हैं कि छात्र आत्महत्या के लिए मजबूर हो रहे हैं? कोचिंग संस्थानों में छात्र इंजीनियरिंग और मेडिकल की कोचिंग के लिए जाते हैं। कोचिंग संस्थानों में उन पर इतना दबाव बन जाता है कि वे अपनी जान दे देते हैं। इसके साथ ही सिलेबस के रीडिजाइन के बारे में भी विचार करना चाहिए। कोचिंग संस्थानों में केवल पैसे के लिए बड़ी संख्या में छात्रों का रजिस्ट्रेशन हो रहा है और इस दिशा में भी कोई प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। राजस्थान के कोटा कोचिंग संस्थानों समेत देश के नामी संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों की पड़ताल करने के लिए आयोग बनाने की मांग की गई है।

# करणी सेना प्रमुख की हत्या पर भिड़ीं BJP और कांग्रेस

■ पीटीआई, नई दिल्ली



**राष्ट्रीय राजपूत** करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मंगलवार को हुई हत्या को लेकर बीजेपी और कांग्रेस में वाकयुद्ध देखने को मिला। दोनों ने एक दूसरे के शासनकाल में कानून-व्यवस्था खराब हो जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने बताया कि जयपुर में तीन सशस्त्र हमलावरों ने मंगलवार को श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की उनके घर में गोली मारकर हत्या कर दी। जवाबी गोलीबारी में एक हमलावर भी मारा गया। केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता गजेंद्र सिंह शेखावत ने कानून-व्यवस्था की स्थिति के लिए राजस्थान की पिछली कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि अशोक गहलोत सरकार के समय से राज्य में जिस तरह से 'गैंगवार' शुरू हुए हैं, यह उसका असर है। करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह को मिली धमकियों के कारण उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी और प्रशासन को भी इसके बारे में चेतावनी दी थी। दुर्भाग्य से जिस स्तर पर सुरक्षा मिलनी चाहिए थी, नहीं दी गई। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने दावा किया कि राज्य में बीजेपी के सत्ता में आने की जानकारी मिलते ही राजस्थान में अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं।

### BJP बोली, तमिलनाडु के मंत्री पर हो एफआईआर

■ विस, नई दिल्ली : पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के दौरान तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को लेकर की गई टिप्पणी मुद्दा बनी थी। राज्यसभा में भी यह मामला उठाया गया है। BJP सांसद जी. वी. एल. नरसिम्हा राव ने शून्यकाल के दौरान कहा कि सनातन धर्म के खिलाफ नफरती भाषण देने वाले तमिलनाडु सरकार के मंत्री के खिलाफ FIR दर्ज होनी चाहिए।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**नलकूप खण्ड, गाजियाबाद**

**सार्वजनिक नीलामी की सूचना सं0 02/2023-24**

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड गाजियाबाद के नियन्त्रणाधीन निम्नलिखित निष्प्रयोज्य सामग्री जो लॉट के रूप में है, की खुली नीलामी "जहाँ है जैसा है" के आधार पर दिनांक 13.12.2023 को वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-5 के पैरा 560ए परिशिष्ट 19डी के अन्तर्गत नलकूप खण्ड गाजियाबाद के भण्डार परिसर में अपरान्ह 1:00 बजे से गठित समिति द्वारा की जाएगी। प्रत्येक लॉट की नीलामी पृथक-पृथक की जायेगी। इस नीलामी की टोकन मनी प्रत्येक लॉट के लिए अलग-अलग है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, जो दिनांक 13.12.2023 को अपरान्ह 12:30 बजे तक खण्डीय कार्यालय, गाजियाबाद में जमा की जाएगी। नीलामी की टोकन मनी बैंक ड्राफ्ट के रूप में ही स्वीकार्य होगी। बैंक ड्राफ्ट अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड गाजियाबाद के नाम पर ही देय होगा। निर्धारित समय के बाद कोई टोकन मनी जमा नही की जायेगी। बोलीदाता/फर्म को अपना फोटो परिचय पत्र, पैन नं0, जी0एस0टी0 नं0 की छायाप्रति चरित्र प्रमाण पत्र नीलामी समिति को धरोहर राशि जमा कराते समय उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। नीलामी के सामान को किसी भी कार्य दिवस में नीलामी की तिथि से एक दिन पूर्व इस खण्ड के सहायक अभियन्ता प्रथम दूरभाष सं0 9717017412 एवं संबंधित अवर अभियन्ता दूरभाष सं0 7011507518 से सम्पर्क कर भण्डार गृह पर देखा जा सकता है। नीलामी तिथि का सार्वजनिक अवकाश घोषित होने की स्थिति में नीलामी की कार्यवाही अगले कार्य दिवस में की जायेगी।

| क्रम.सं. | निष्प्रयोज्य सामग्री का नाम | सामग्री की अनुमानित मात्रा (कि0ग्रा0/ मी.टन में) | टोकन मनी (रू0 में) | लॉट संख्या | नीलामी की तिथि एवं स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जला हुआ पी.वी.सी. कोटेड तॉबे का तार | 850 कि0ग्रा0 | 38600.00 | 1 | दिनांक 13.12.2023 (बुधवार) नलकूप खण्ड गाजियाबाद के भण्डार परिसर में |
| 2 | एम.एस./आयरन स्क्रैप | 0.183 मी.टन | 800.00 | 2 | |

UPID 198471 dt 04.12.2023,
www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
नलकूप खण्ड गाजियाबाद


## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः नामालूम, पिता का नामः नामालूम, पताः नामालूम, उम्रः** लगभग 50—52 वर्ष, **लिंगः** पुरूष, **कदः** 5 फुट 6 इंच, **रंगः** गोरा, **पहचानः** दाहिनी कोहनी के ऊपर तिल, **पहनावाः** नीले रंग की कमीज और काले रंग का पैजामा पहन रखा है, का शव दिनांक **30.11.2023** को सी—1 के सामने, आजादपुर, सब्जी मण्डी, दिल्ली थाना महेन्द्रा पार्क, दिल्ली के क्षेत्र मे पाया गया इस संदर्भ में **DD No. 76A dated 30.11.2023** के तहत थाना महेन्द्रा पार्क, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। अगर किसी को इस शव के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो कृप्या निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना महेन्द्रा पार्क, दिल्ली**

**DP/13960/NW/2023** फोन नं. 011- 27632501, 8750870227

### तख्ती लाने वाले सांसदों को चेतावनी

■विस, नई दिल्ली : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों को सदन में तख्तियां लाने को लेकर आगाह किया। उन्होंने कहा कि सदन में गरिमा और अनुशासन बनाए रखने की जरूरत है। BSP सांसद दानिश अली सोमवार को गले में तख्ती लटकाकर सदन में आए थे। उन्होंने अपने खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए BJP सांसद रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। लोकसभा के अध्यक्षा ओम बिरला ने कहा कि सोमवार को कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच इस बात पर सहमति बनी कि वे नए संसद भवन में तख्तियां लेकर नहीं आएंगे। वह सभी से संसद में गरिमा और अनुशासन बनाए रखने की अपील करता है। उन्होंने कहा कि नहीं तो उन्हें तख्तियां लाने वाले सांसदों के खिलाफ कार्रवाई करनी होगी।